## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत सभागार में हुई शांति समिति की बैठक

**चौरई।** आगामी नवरात्रि व दशहरा पर्व के सफल, सुरक्षित और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए शुनिवार को जनपद पंचायत भवन में शांति समिति की बैठक का पुलिस विभाग द्वारा विधायक सुजीत सिंह चौधरी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रभात मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भारती जाट, थाना प्रभारी मोहन सिंह मर्सकोले, सी एम ओ अभयराज सिंह की उपस्थिति मे आयोजन किया गया। जिसमें दुर्गा पंडालों और उनके आसपास के क्षेत्रों में बिजली के खुले तार न रखने तथा बिजली आपूर्ति सुचारू रखे जाने के आदेश दिए। इसके अलावा यातायात व्यवस्था सुचारू रखने समझाइश दी ताकि लोगों को असुविधा न हो। बैठक में आयोजक समितियों से अपील की गई कि वे पंडाल की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। फूहड़ और आपत्तिजनक संगीत बजाने से सख्ती से बचने की हिदायत दी गई। नगरवासियों से आग्रह किया गया कि त्योहार सदैव की भांति शांति, सदभाव तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। बैठक में कहा गया पुलिस त्योहार को शांति से संपन्न कराने को कटिबद्ध है। इसके बावजूद भी यदि कोई अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति विघ्न पैदा करता है तो ऐसे लोगों पर पुलिस सख्ती से पेश आएगी।बैठक में पार्षद सभापति नीलू निर्मलकर, अमित चौरसिया, तीरथ ठाकुर सहित गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### निगम ने चलाया स्वच्छता अभियान

**छिंदवाड़ा।** वार्ड क्रमांक 41, 42 – जेल बगीचा, पंचमुखी हनुमान मंदिर एवं जवाहर कन्या शाला परिसर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आज वार्ड क्रमांक 41,42 में सामूहिक स्वच्छता श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया। यह आयोजन महापौर विक्रम आहके की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जागेंद्र अल्डक (सभापति), चंद्रभान देवरे (सभापति एवं पार्षद), बंटी सक्सेना (पार्षद), स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपकराज जैन सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मिलिंद नवघरे, श्रीकांत जामठे मौजूद रहे।

## पूर्व उपसरपंच मुन्ना कलाम ने आरटीआई के तहत प्राप्त दस्तावेजों से किया खुलासा

# स्वेच्छानुदान मद में विधायक का भ्रष्टाचार उजागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी जिला पांढुर्णा ने आज एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता के माध्यम से सौसर के कांग्रेस विधायक विजय चौरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनकी स्वेच्छानुदान राशि में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा किया है।

पत्रकार वार्ता को प्रमुख रूप से संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी पांढुर्णा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़ , भारतीय जनता पार्टी छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव , प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले , पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र परमार, युवा नेता राहुल मोहोड़ ने बताया कि विधायक विजय चौरे ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि का दुरुपयोग करते हुए लाखों रुपए अपने निजी सहायक (PA) चंद्रशेखर गणोरकर , निज सहायक की पत्नी , भाई एवं अन्य परिवार के सदस्यों के खातों में नाम बदल - बदलकर आवंटित करवाए हैं।

इसके अलावा कई भुगतान आयकर दाता दुकानदारों के खाते में भी कराए हैं। जो नियम विरुद्ध है। विधायक ने सीमेंट, मोबाईल, खाद बीज से लेकर कई दुकानदारों को भुगतान किया हैं। वहीं कुछ भुगतान मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के अन्य जिलों के लोगों के खातों में भी किया गया है। विधायक चौरे ने स्वेच्छानुदान निधि का उपयोग जनसेवा के बजाय अपने निजी सहायक और उनके परिवार के सदस्यों को अनुचित लाभ पहुँचाने के लिए किया है। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं पूर्व उपसरपंच मुन्ना कलाम द्वारा सूचना के अधिकार (RTI) के तहत प्राप्त जानकारी से यह खुलासा हुआ है कि 11 अप्रैल 2023 से 06 मार्च 2025 के बीच, विधायक की अनुशंसा पर उनके निजी सहायक और उनके परिजनों को कुल 17.50 लाख रूपये की स्वेच्छानुदान राशि आवंटित की गई। विधायक की अनुशंसा में यह दर्शाया गया था कि यह राशि चंद्रशेखर गणोरकर और उनके परिवार को गरीबी के कारण दी गई है, जबकि यह एक सफेद झूठ है। हमारे पास मौजूद दस्तावेज़ों के अनुसार, चंद्रशेखर गणोरकर नगर पालिका परिषद, सौसर में मस्टर रोल कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं और उन्हें प्रतिमाह 11,721 रूपये का वेतन मिलता है। यह स्पष्ट रूप से प्रमाणित करता है कि विधायक ने गरीबी का झूठा बहाना बनाकर जनता के पैसे का दुरुपयोग किया है। यह राशि कई अलग-अलग किश्तों में और नामों को बदलकर दी गई, जिससे इस पूरे लेन-देन पर संदेह गहराता है। इतनी कम अवधि में चंद्रशेखर गणोरकर के नाम पर 18 बार में 4.00 लाख चंद्रशेखर अशोक (नाम बदलकर) 15 बार में 2.85 लाख नीलिमा चंद्रशेखर के नाम पर 15 बार में 2.65 लाख नीलिमा गणोरकर (नाम बदलकर)26 बार में 4.80 लाख अनिल गणोकर के नाम पर 22 बार में 3.20 लाख इस प्रकार कुल 17.50 लाख का फ़र्जीवाडा किया ।स्वेच्छानुदान में भ्रष्टाचार के मुख्य बिंदुःनिजी सहायक और परिवार को अनुचित लाभ : RTI से प्राप्त दस्तावेज़ों के अनुसार, विधायक विजय चौरे ने अपने निजी सहायक चंद्रशेखर गणोरकर के साथ-साथ उनकी पत्नी नीलिमा गणोरकर और भाई अनिल गणोरकर के खातों में स्वेच्छानुदान की राशि आवंटित की।नाम बदलकर राशि का आवंटनः भाजपा ने इस बात पर विशेष रूप से ध्यान दिलाया है कि विधायक के निजी सहायक को 'चंद्रशेखर गणोरकर' और 'चंद्रशेखर अशोक' जैसे अलग-अलग नामों से राशि दी गई। इसी तरह, उनकी पत्नी को 'नीलिमा गणोरकर' और 'नीलिमा चंद्रशेखर' के नाम से राशि आवंटित की गई, जिससे यह साफ होता है कि इस पूरे मामले में पारदर्शिता का अभाव था।पद का दुरूपयोग कर भ्रष्टाचार : कांग्रेस विधायक विजय चौरे का यह यह स्पष्ट रूप से एक भ्रष्ट आचरण है और विधायक ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने निजी सहायक को अनुचित लाभ पहुंचाया। हमें इस बात का भी अंदेशा है कि यह राशि घूम फिरकर वापस विधायक विजय चौरे के पास ही आई है और उन्होंने इसका उपयोग निजी हित के लिए किया है।दस्तावेजी तथ्यों के आधार पर स्पष्ट रूप से यह पूरा प्रकरण एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि का भ्रष्ट आचरण है , भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 तथा अन्य प्रचलित कानूनों के प्रावधानों के तहत यह एक दंडनीय अपराध है। हम इस मामले में माननीय उच्च न्यायालय ,लोकायुक्त , पुलिस विभाग सहित सभी उचित मंचों पर शिकायतें दर्ज करेंगे एवं एक निष्पक्ष व पारदर्शी जांच की मांग करेंगे । जो खुलासा किया गया है वह इस संगठित अपराध का सिर्फ पहला हिस्सा है। सूचना के अधिकार से प्राप्त अन्य जानकारी और बैंकिंग लेन-देन के दस्तावेज़ों का गहन अध्ययन जारी है, जिसके आधार पर जल्द ही इस मामले की अगली कड़ी का खुलासा भी किया जाएगा। हम सभी जांच एजेंसियों से भी मांग करते हैं कि वे गणोरकर परिवार के सभी बैंक लेन-देन की गहनता से जांच करें और मनी ट्रेल को ट्रेस करें ताकि इस भ्रष्टाचार की जड़ तक पहुंचा जा सके। पत्रकार वार्ता का संचालन जिला उपाध्यक्ष सदन साहू ने किया। इस अवसर पर छिंदवाड़ा जिला महामंत्री विजय पांडे, पांढुर्णा जिला महामंत्री देवेंद्र गायकवाड़ , वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रामकृष्ण वाकोडे , नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा , वरिष्ठ नेता हरीश बत्रा , मुन्ना कलाम, मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े, प्रभाकर बोबडे , सदानंद डोंगरे नामदेव पाल मंचासीन रहे। सोमेश्वर लोनकर जिला मीडिया प्रभारी भाजपा आदि मौजूद रहे।

### भ्रष्टाचार के चौंकाने वाले तथ्य एक नजर में...

- निजी सहायक (PA) चंद्रशेखर गणोरकर , निज सहायक की पत्नी , भाई एवं अन्य परिवार के सदस्यों के खातों में नाम बदल -बदलकर आवंटित करवाए हैं।
- इसके अलावा कई भुगतान आयकर दाता दुकानदारों के खाते में भी कराए है। जो नियम विरुद्ध है। विधायक ने सीमेंट, मोबाईल, खाद बीज से लेकर कई दुकानदारों को भुगतान किया हैं। वहीं कुछ भुगतान मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के अन्य जिलों के लोगों के खातों में भी किया गया है।
- 11 अप्रैल 2023 से 06 मार्च 2025 के बीच, विधायक की अनुशंसा पर उनके निजी सहायक और उनके परिजनों को कुल 17.50 लाख रुपये की स्वेच्छानुदान राशि आवंटित की गई।
- इतनी कम अवधि में चंद्रशेखर गणोरकर के नाम पर 18 बार में 4.00 लाख चंद्रशेखर अशोक (नाम बदलकर) 15 बार में 2.85 लाख नीलिमा चंद्रशेखर के नाम पर 15 बार में 2.65 लाख नीलिमा गणोरकर (नाम बदलकर)26 बार में 4.80 लाख अनिल गणोरकर के नाम पर 22 बार में 3.20 लाख इस प्रकार कुल 17.50 लाख का फ़र्जीवाडा किया ।

## तीन आरोपियों को गिरफ्तार

# कुंडीपुरा पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले तस्करों को दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

**अवैध हथियारों पर शिकंजा कसने का प्रयास छिंदवाड़ा पुलिस बहुत दिनों से कर ही रही थी कि शनिवार को एक बड़े तस्करी होने की सूचना प्राप्त हुई और रणनीति के तहत ऑन द स्पॉट आरोपियों को मय हथियारों के साथ धरदबोचा गया।**

कुंडीपुरा पुलिस ने अवैध हथियारों को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सिल्वर रंग की वेगनआर कार क्र. MP49C8149 में एक व्यक्ति जिसने कत्थाई रंग की टीशर्ट पहना है जो अपनी उक्त कार में अवैध पिस्टल व कारतूस रखकर बनगांव बायपास रोड होते हुये इमलीखेडा तरफ बेचने के उद्देश्य से जाने वाला है जो पुलिस टीम बनगांव बायपास पहुंची जहां बनगांव बायपास से प्रिंस ढाबा की ओर मुखबिर की सूचना अनुसार एक कार सिल्वर रंग की वेगानार जिसका नम्बर MP49C8149 जाती दिखी, जिसका पीछा करते हुये ब्रिज के नीचे नरसिंहपुर बायपास रोड प्रिंस ढाबा के पास रोका गया, जो कार का चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम कमलेश पिता जयचंद पटले उम्र 43 साल निवासी ग्राम चंदौरी थाना वारासिवनी जिला बालाघाट हाल फस्ट स्टेप स्कूल के पास थाना कुंडीपुरा छिंदवाडा का होना बताया,आरोपी कमलेश व उसकी कार क्रमांक MP49C8149 की तलाशी ली गई जो कार की ड्रायविंग सीट के पीछे रखा एक सफेद रंग का थैला मिला जिसे चैक किया गया जिसके अंदर 02 पिस्टल मैगजीन फसी हुई एवं 25 नग जिंदा कारतूस रखे हुये मिले, जो आरोपी कमलेश से उक्त हथियार और कारतूस कब्जे में रखने के संबंध में वैधानिक दस्तावेज अथवा लायसेंस पूछने पर कोई वैध दस्तावेज / लायसेन्स होना नहीं बताया , जो उक्त 02 नग पिस्टल एवं 25 जिंदा कारतूस साक्षियों के समक्ष विधिवत जप्त कर आरोपी की गिरफ्तारी की गई एवं धारा 25 (1-क), 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।मामले में आरोपी कमलेश पटले के मेमोरेन्डम कथन बताये अनुसार प्रकरण के अन्य दो आरोपी मुजाहिद अली एवं अय्युब खान की तलाश पतासाजी श्रीमान पुलिस अधीक्षक छिंदवाडा श्री अजय पांडे के निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अजय राणा के मार्गदर्शन में आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु थाना प्रभारी कुंडीपुरा उप निरीक्षक महेंद्र भगत द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित की गई जो टीम द्वारा तत्परता पूर्वक तकनीकि संसाधनो की सहायत से तलाश पतासाजी कर आरोपी मुजाहिद अली एवं अय्युब खान को अभिरक्षा में लेकर आरोपी मुजाहिद अली से 01 नग पिस्टल व 5 कारतूस तथा आरोपी अय्युब खान से 01 नग पिस्टल व 5 कारतूस जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है एवं माननीय न्यायालय पेश कर तीनों आरोपियों को जेल भेजा गया है।

### गिरफ्तार आरोपी

कमलेश पिता जयचंद पटले, मुजाहिद अली पिता विजाहत अली, अय्युब खान पिता हामिद खान निवासी पुराना पावर हाउस के पास को गिरफ्तार किया है।

# आगामी कार्यक्रमों एवं वैश्य भवन निर्माण पर हुई चर्चा

## वैश्य महासम्मेलन के फास्ट एक्शन ग्रुप की बैठक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

वैश्य महासम्मेलन की छिंदवाड़ा जिला इकाई के फास्ट एक्शन ग्रुप की बैठक प्रदेश संगठन महामंत्री श्री विजय झांझरी की अध्यक्षता में उनके निवास पर सम्पन्न हुई जिसमें फास्ट एक्शन के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित हुए ।

बैठक शुरू करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष जे पी नेमा ने आगामी चार कार्यक्रमों /प्रस्तावों पर चर्चा कर उनकी रूपरेखा और व्यवस्था तय करने का प्रस्ताव किया जिस पर सदस्यों ने एक एक करके विचार विमर्श किया।गरबा महोत्सव 2025आगामी 27 सितंबर 2025 को स्थानीय श्रेयांस लॉन में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

कार्यक्रम की व्यवस्था पर जानकारी देते हुए संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज ने बताया कि महिला इकाई के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की संयुक्त प्रभारी सर्वश्रीमति शिखा नीरज भारद्वाज एवं स्वाति विवेक भारद्वाज द्वारा भव्य आयोजन के लिए जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं । वैश्य चेतना रैली 2025 कार्यक्रम प्रभारी श्री विकास वात्सल्य ने बताया कि आगामी 2 अक्टूबर 2025 को प्रातः 9 सभी सदस्य फव्वारा चौक स्थित पूज्य गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और सामूहिक स्वल्पाहार के पश्चात रैली में सम्मिलित होंगे । कार्यक्रम आयोजन और व्यवस्था पर चर्चा हुई ।आजीवन सदस्यों का सम्मेलन एवं वैश्य रत्न / वैश्य प्रतिभा /वैश्य विभूति सम्मान 2025इस आयोजन के लिए आगामी 15 नवंबर 2025 की तिथि प्रस्तावित की गई । सभी सम्मानों के लिए चयन प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया।

प्रदेश संगठन महामंत्री विजय झांझरी जी ने वैश्य रत्न सम्मान हेतु सर्वाधिक अंक अर्जित करने के लिए ज्यादा से ज्यादा नए सदस्य बनाने के लिए सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि प्रस्तावित वैश्य भवन में वैश्य रत्न सम्मान से सम्मानित सदस्यों के फोटो लगाए जाएंगे प्रस्तावित वैश्य भवन करतल ध्वनि के बीच झांझरी जी ने बताया कि सम्मेलन में वैश्य भवन का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू करने की योजना है ।

# भाजपा जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया गया पीएम का जन्म दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर शनिवार को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के उपस्थिति में सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास चंदनगांव के छात्रों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती का पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत गई। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा बच्चों को उपहार दिए गए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव के साथ पार्षद दिवाकर सदारंग, कार्यक्रम प्रभारी शबनम जफर खान, जफर खान, समाजसेवी फैजल खान, संजय पटेल, विजेंद्र चौहान, जुगल यादव, राजेश मोखलगाय, रोशन सिंगनापुरे, बृजेश वर्मन, पंकज पवार, छात्रावास सहायक अधीक्षक समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रोशन सिंगनापुरे द्वारा किया गया एवं शाला प्राचार्य शैली यादव द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# निषाद राज भवन का होगा निर्माणः सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



जिले मे मतस्य विभाग के अन्तर्गत मछुआरे और फिश विक्रेताओं के लिए रिटेल शाप का शुभारम्भ के अवसर पर निषाद राज भवन का निर्माण भी किया जाएगा। इस भवन के निर्माण से मछुआरे और फिश विक्रेताओं को सुविधा लाभ भी मिल सकेगा।

यह बात सांसद छिन्दवाडा विवेक बंटी साहू ने छापाखाना मे स्थित ढीमरी मोहल्ले मे फिश रिटेल शॉप के शुभारम्भ अवसर पर कही और निषाद राज भवन निर्माण के लिए सांसद निधि से राशि देने की घोषणा भी की इस फिश रिटेल शाप का शुभारम्भ समारोह पर मुख्य रूप से मतस्य कल्याण विभाग के निगम अध्यक्ष श्री सीताराम बाथम और कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शेषराव यादव ने भी सम्बोधित किया मतस्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि केसीसी योजना के अन्तर्गत सभी मछुआरो को लाभान्वित किया जावे और जिन हितग्राहियों के केसीसी तैयार नही हुए है उसे शीघ्र ही तैयार कर लाभ पहुंचाया जावे।

प्रधान मंत्री मतस्य संपदा योजना के अन्तर्गत मतस्य विभाग के संबंधित हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है यह दुकान इसी योजना के अन्तर्गत शुरू की गई है जबकि अरूण कलिवार प्रदेश उपाध्यक्ष मछुआ संघ भोपाल के आग्रह पर निषादराज केवट राज भवन बनाने की घोषणा सांसद निधि से की गई।

### दमुआ क्षेत्र में हुई तेज मूसलाधार बारिश

**दमुआ।** 19 सितम्बर दिन शुक्रवार को दोपहर के समय गर्मी लोग गर्मी के मारे घबरा रहे थे कि अचानक मौसम ने करवट बदलते हुए मौसक का मिजाज बदल दिया और घनघोर काले बादलो के साथ गडगडाहट , गरज चमक बिजली की आवाज के साथ जोरदार बारिश हुई लगभग 2 घण्टे हुई मूसलाधार बारिश के कारण अफरा तफरी मच गई और भारी वर्षा होने के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया और वर्षा होने के कारण स्कूली छात्र छात्राऐं गिले होकर अपने अपने घर की ओर गये समाचार लिखे जाने तक दमुआ क्षेत्र के आसपास के एरिया में किसी भी प्रकार कोई जनधन की हानि होने की सूचना प्राप्त नही हुई है।

### अभियंता अंधवान ने ली विभागीय कार्यो की बैठक

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भोपाल के प्रमुख अभियंता श्री संजय कुमार अंधवान की अध्यक्षता में छिंदवाड़ा जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री, अनुविभागीय अधिकारी, कार्यपालन यंत्री तथा जल निगम के महाप्रबंधक एवं उप महाप्रबंधक उपस्थित थे। प्रमुख अभियंता श्री अंधवान द्वारा जिले में क्रियान्वित की जा रही सभी एकल ग्राम नल-जल योजनाओं के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा मिशन के लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति के लिये सभी योजनाओं को अनिवार्य रूप से दिसंबर 2025 तक गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए गए।

## आज धनुष यज्ञ में राजा जनक की भूमिका निभाएंगे सांसद साहू

# श्रीराम जन्मोत्सव से झूम उठी धरा, ताड़का वध और अहिल्या उद्धार ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




स्थानीय छोटी बाजार स्थित रामलीला रंगमंच पर चल रही ऐतिहासिक श्रीरामलीला के दूसरे दिवस का मंचन भक्तिमय उल्लास और अद्वितीय भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। मंचन में श्रीराम जन्मोत्सव, मुनि आगमन, ताड़का वध, अहिल्या उद्धार और मारीच-सुबाहु वध की लीलाओं का मनोहारी चित्रण प्रस्तुत किया गया। रामलीला मंडल के उपाध्यक्ष ट्विंकल चरणागर एवं कुशल शुक्ला ने बताया कि दूसरे दिन लीला देखने वालों की संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ी और रंगमंच परिसर दर्शकों से खचाखच भरा रहा।वरिष्ठ कलाकार राजू माहोरे ने जानकारी दी कि राजा दशरथ द्वारा पुत्रेष्टि यज्ञ सम्पन्न कराया गया, जिसके प्रभाव से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। अयोध्या में जन्मोत्सव का उल्लास भव्य झांकियों और नृत्य प्रस्तुतियों के साथ मनाया गया। बालाजी गरबा ग्रुप ने इस अवसर पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।इसके पश्चात मंचन में दर्शाया गया कि गुरु वशिष्ठ से शिक्षा प्राप्त कर श्रीराम व लक्ष्मण गुरुकुल से वापस लौटते हैं। तभी महामुनि विश्वामित्र राक्षसों द्वारा विघ्न डाले जा रहे यज्ञ की रक्षा हेतु दशरथ से राम-लक्ष्मण को अपने साथ मांगते हैं। मार्ग में श्रीराम ने राक्षसी ताड़का का वध कर धर्म की स्थापना की। आगे चलकर मारीच और सुबाहु के साथ हुए युद्ध में सुबाहु का वध हुआ तथा मारीच को सौ योजन दूर भगा दिया गया। जनकपुरी की ओर जाते समय विश्वामित्र ने गंगा अवतरण और अहिल्या उद्धार की कथा सुनाई। श्रीराम ने चरण रज से अहिल्या को पुनः मानव रूप में स्थापित कर उनके शाप का अंत किया। इसी क्रम में जनकपुरी आगमन पर जयद्रथ बाग में राम-सीता के प्रथम दर्शन का सजीव मंचन हुआ, जिसे देख दर्शक भावविभोर हो उठे।

### आज होगी धनुष यज्ञ की लीला

सहनिर्देशक श्रीकांत द्विवेदी ने बताया कि आज के मंचन में धनुष यज्ञ एवं लक्ष्मण-परशुराम संवाद की मनमोहक प्रस्तुति होगी। विशेष आकर्षण यह रहेगा कि राजा जनक की भूमिका में छिंदवाड़ा-पांढुर्णा क्षेत्र के सांसद विवेक बंटी साहू मंच पर नजर आएंगे। यह पहला अवसर होगा जब कोई सांसद कलाकार की भूमिका निभाते हुए रामलीला मंचन का हिस्सा बनेंगे। इस विशेष प्रसंग के लिए जनकपुरी को नवीन साज-सज्जा और आधुनिक रोशनी से सजाया जा रहा है।सोशल मीडिया पर भी छाया रामलीला उत्सवप्रचार सचिव राहुल द्विवेदी ने बताया कि श्रीरामलीला का प्रतिदिन यूट्यूब और ग्लोबल नेटवर्क के माध्यम से लाइव प्रसारण किया जा रहा है। प्रथम दिन ही हजारों दर्शकों ने ऑनलाइन माध्यम से लीला का आनंद लिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी रामलीला की झलकियां लोगों को आकर्षित कर रही हैं।

### शतरंज में बिछुआ के 3 खिलाड़ियों का चयन

**बिछुआ।** जनजाति कार्यविभाग द्वारा आयोजित क्षेत्र संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता दिनांक 18 सितंबर को मंडला जिले के नैनपुर में आयोजित हुई। जिसमें शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के अमित 14 वर्ष, दुर्गेश चौरिया 19 वर्ष, वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खमरा का छात्र सुदर्शन मालवी 17 वर्ष का चयन हुआ है। जो विगत दिनों विभागीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 19 व 20 सितंबर को धार जिले के कुक्षी अपना प्रदर्शन किया। उनके इस चयन पर सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग श्री सत्येन्द्र सिंह मरकाम, ट्राईवल जिला खेल अधिकारी श्री अनुरोध शर्मा, बीईओ श्री लक्ष्मीकांत मिश्रा, प्राचार्य वी के पडोले, प्रभारी प्राचार्य तारेंद्र मर्सकोले, पीटीआई लक्ष्मी डेहरिया, संजीव गौतम, चंद्रभान नागरे, व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विकासखंड खेल समन्वयक प्रकाश डेहरिया, कैलाश यादव, जीवन सिंह रघुवंशी, समेत स्टाफ के शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्राओं ने शुभकामनाएं दी।



**तामिया विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी समिति मर्यादित तामिया**
पंजीयन क्रमांक 64 दिनांक 17.01.1967

क्रमांक/आमसभा/2025 **आमसभा सूचना पत्र** दिनांक 29.09.2025

तामिया विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी समिति मर्यादित तामिया प.क्र. 64 दिनांक 17.01.1967 के समस्त अंशधारी को सूचित किया जाता है कि संस्था की साधारण आमसभा दिनांक 29.09.2025 दिन सोमवार को संस्था कार्यालय तामिया में दिन के 01.30 बजे आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
**नोटः** कोरम के अभाव में साधारण आमसभा की बैठक आधा घंटे के लिए स्थगित की जावेगी। आधा घंटे पश्चात बैठक पुनः प्रारंभ की जावेगी, जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।

**आर.के. कामले, प्रशासक**
तामिया विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी समिति मर्यादित, तामिया

**संतोष डेहरिया, प्रबंधक**
तामिया विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी समिति मर्यादित, तामिया

## उल्लास नवभारत साक्षर परीक्षा हुई सम्पन्न



**चौरई।** छिंदवाड़ा जिले की चौरई विकासखंड में शासन के निर्देशानुसार शासन की महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी योजना ₹उल्लास नवभारत साक्षर₹ परीक्षा संपन्न हुई, जिसके अंतर्गत विकासखंड में 1772 नव साक्षर परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस योजना का उद्देश्य देश में सत प्रतिशत साक्षरता लाना है। विकासखंड के समस्त स्कूलों में जिसमें नव साक्षरों की परीक्षा संपादित की गई। जिसमें बी आर सी विजय पवार, विकास सह समन्वयक शाहिद अली मीर, बी ए सी ऋषि जंगेला एवं राम अवतार उइके के निर्देशन में परीक्षा हुई।

**निबंध प्रतियोगिता एवं बौद्धिक चर्चा का हुआ आयोजन**

**छिंदवाड़ा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय मे निबंध प्रतियोगिता आत्म निर्भर भारत ओर विकसित भारत विषय पर आयोजित की गई।

### एक दूसरे के खिलाफ जमकर लगे नारे, पुलिस ने अंतत छीन लिया पुतला, ताकते रह गए कांग्रेसी निर्वाचन आयोग का जला पुतला

# पुतला दहन को लेकर कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक में आज दोपहर को दो राजनीतिक दलों के बीच जबरदस्त टकराव देखने को मिला। जहां एक और कांग्रेस देश में अपने अभियान वोट चोर गद्दी छोड़ को लेकर निर्वाचन आयोग का पुतला जलाने के लिए लगी हुई थी, तो वहीं दूसरी ओर भाजपा के स्थानीय नेता इसका जमकर प्रतिकार करते दिखे। इसी बीच पुलिस ने मौके का फायदा उठाते हुए कांग्रेस के पुतले को छीन कर अन्यत्र पहुंचा दिया। यहां कांग्रेसजन अपने पुतले को छिनता देख आक्रोशित हो गए। लगभग 1 घंटे से अधिक देर तक चले इस संघर्ष को स्थानीय पुलिस के द्वारा अपनी कार्य कुशलता से बगैर कोई बड़े विवाद से सुलझा लिया गया है। मामला यह रहा कि देश में लगभग 90 से अधिक चुनाव हार जाने के बाद भी कांग्रेस के द्वारा देशभर में निर्वाचन आयोग के खिलाफ अभियान छेड़ दिया गया है। वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे को





लेकर आज युवक कांग्रेस के छिंदवाड़ा, परासिया सहित अन्यत्र स्थान से आए हुए लोग यहां पर दिखाई दिए। आज के इस पुतला दहन कार्यक्रम में कांग्रेस जनों में उत्साह की भारी कमी देखी गई। तो वहीं दूसरी और भाजपा के लोग बड़ी संख्या में दिखाई दिए। दोनों ओर से अपने-अपने नेताओं के पक्ष में नारे बुलंद किए जाने लगे थे। नगर का पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक को पुलिस ने लगभग छावनी के रूप में बदल दिया था। यही कारण रहा कि कांग्रेस और भाजपा के बीच होने वाले इस बड़े टकराव के बाद भी किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होने दी गई है। उधर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने देश के लोकतंत्र को खतरे का राग अलापते हुए निर्वाचन आयोग को प्रधानमंत्री मोदी का कठपुतली निरूपित कर दिया। लगातार 90 से अधिक चुनाव हारने वाली कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की खीज आज जमकर उतरती दिखी। यही कारण रहा कि आज भाजपा ने भी मैदान को बिल्कुल नहीं छोड़ा और वह डटकर कांग्रेस के सामने लगी रही। कांग्रेस के इस आंदोलन में कांग्रेस के विधायकों की अनुपस्थिति को लेकर जमकर चर्चा रही तो वहीं दूसरी ओर युवक कांग्रेस के इस औपचारिक आंदोलन में जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष सहित विधानसभा प्रभारी, ब्लॉक अध्यक्ष, पर्यवेक्षक, क्षेत्रीय अध्यक्ष और कांग्रेस के कुछ पदाधिकारी सहित कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### भाजपा की सक्रियता से कांग्रेस बैक फुट पर

जुन्नारदेव नगर में कांग्रेस और भाजपा की आपसी लड़ाई अब सतह पर आती दिख रही है। बीते दिनों हिरदागढ़ में पेंचव्हेली सुपरफास्ट पैसेंजर का स्टॉपेज और श्री महादेव उड़ान पुल के मामले में भी दोनों ही दलों के कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच सोशल मीडिया सहित जमीनी तौर पर जमकर आर पार की लड़ाई देखने को मिली थी। यही कारण रहा कि आज निर्वाचन आयोग के पुतला दहन के कार्यक्रम की सूचना मिलते ही भाजपा के स्थानीय नेता भी सक्रिय हो गए। यही कारण रहा की आज कांग्रेस के इस पुतला दहन कार्यक्रम की चमक फीकी ही होती दिख गई। कुल मिलाकर आज के इस पुतला दहन के कार्यक्रम के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस और भाजपा अब यह दोनों ही दल दो साल के बाद होने वाले ग्राम पंचायत, नगर पालिका और विधानसभा चुनाव के लिए अभी से ही अपनी चुनावी पटकथा लिखने की तैयारी शुरू कर बैठे हैं।

## कॉलेज में आयोजित अल्पावधि रोजगार प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एवं प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास की अध्यक्षता में आयोजित अल्पावधि रोजगार प्रशिक्षण (बीपीओ नॉन वॉइस) का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रशिक्षण में कुल 40 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और बीपीओ नॉन वॉइस क्षेत्र से संबंधित व्यावसायिक कौशल, संचार कला तथा कंप्यूटर का महत्वपूर्ण ज्ञान प्राप्त किया।प्रशिक्षण का संचालन श्री अंकित धीमान द्वारा किया गया, जो सोसाइटी फॉर ह्यूमन ओरिएंटेड डेवलपमेंट से जुड़े प्रशिक्षक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वास्तविक आवश्यकताओं से अवगत कराते हुए व्यावहारिक और प्रायोगिक ज्ञान प्रदान किया।समापन अवसर पर प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रमाण पत्र जनभागीदारी अध्यक्ष श्री दिलीप गोहे जी के करकमलों द्वारा वितरित किए गए। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा—₹सफलता उन्हीं को मिलती है जो निरंतर सीखते हैं और समय के साथ खुद को अपडेट रखते हैं। बीपीओ और आईटी सेक्टर आज रोजगार की नई राहें खोल रहे हैं, छात्रों को चाहिए कि वे इस अवसर का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें।₹आज के कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुषमा टांडेकर ने किया और आयोजन का संपूर्ण दायित्व कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी श्री जितेन्द्र दिवाकर द्वारा निभाया गया।इस अवसर पर कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की ओर से प्रेरक संदेश दिया गया कि—₹छात्र-छात्राएँ अपने कौशल को निरंतर निखारते रहें। अवसर की पहचान कर सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। यही सफलता और रोजगार का असली मार्ग है।₹कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अपने करियर निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना।




## कलेक्टर अचानक पहुंचे आंगनबाड़ी केंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

प्रदेश में जोरशोर से चल रहे सशक्त नारी - सशक्त परिवार अभियान अभियान के आज कलेक्टर अजयदेव शर्मा अचानक संतोषीमाता वार्ड स्थित आंगनवाडी केंद्रों में पहुंच गए। इस आकस्मिक भेंट के दौरान कलेक्टर महोदय ने केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं, पोषण आहार वितरण व्यवस्था, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा आंगनवाडी कार्यकर्ताओं चलायी जा रही गतिविधियों का अवलोकन किया। कलेक्टर अजयदेव शर्मा ने केंद्र पर मौजूद माताओं एवं महिलाओं से चर्चा कर उन्हें शासन के योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर महोदय ने आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को केंद्र की व्यवस्था और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इन्होंने नारी सशक्त परिवार की नींव है अतः इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर और संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

### पीएम श्री कॉलेज में हुआ उद्यमिता शिविर

**पांढुर्ना।** आज स्थानीय पीएम श्री कॉलेज, शा. साइंस महाविद्यालय पांढुर्ना में एक दिवसीय उद्यमिता शिविर संपन्न हुआ। शिविर का आयोजन सेवा पखवाडा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। समारोह की अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. शहनाज खान ने अपने उद्बोधन में कहा कि उद्यमिता शिविर का उद्देश्य युवाओं में उद्यमिता की भावना को बढाना तथा उन्हें आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना है। इस शिविर के मुख्य अतिथि प्रबंधन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महेश वाघ ने विद्यार्थियों को सरकार द्वारा व्यापार एवं उद्योग स्थापित करने के लिए संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी दी। शाखा प्रबंधक एसबीआय पांढुर्ना नविता टेकरे ने कहा कि स्वरोजगार एवं उद्योग स्थापित करने हेतु बैंक द्वारा हितग्राहियों को कौनसी सुविधा किस ब्याज पर दी जाती है इस बारे में बताया।

## सेवा वीर योजना के तहत संपन्न की गई संगोष्ठी भाषण निबंध स्पर्धा



**जुन्नारदेव।** सेवा पखवाड़े में सेवा वीर योजना के तहत खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव में संस्था प्राचार्य श्री सी एस दीक्षित एवं वर्षा बंदेवार जी के नेतृत्व में संस्था के शिवाजी हाउस के बालक–बालिकाओं को सामाजिक सेवा भावनाओं से जोड़ने हेतु अनाथ, वृद्ध, असहाय, दीनजनों के प्रति सेवा भाव जागृत करने हेतु संगोष्ठी, भाषण, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ब्लॉक खेल समन्वयक विभा तारन ने खेल विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों से भी अवगत कराया। आयोजन में लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ज़ारा अंसारी, नेहा चंद्रवंशी, यश बंदेवार विजेता रहे वही नेहा चंद्रवंशी, सुरभि यादव,नेहा परतेती ने द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला की शिक्षिका विभा कुशराम, अनीता शर्मा, आशा मैडम, अजय जैन, वैद्यनाथ डेहरिया, देवराज चौहान का विशेष सहयोग रहा अंत में विभा तारन ने आभार व्यक्त किया।

### दो दिन में 4 मकान के ताले टूटे

# चोरों ने 7 लाख रुपये के जेवरात व नगदी पर किया हाथ साफ, पुलिस खाली हाथ

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर व क्षेत्र में चोरों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा हैं। पहले चोरों द्वारा रात्रि में घरों को निशाना बना कर चोरी की जा रही थी, अब चोरों द्वारा दिनदहाड़े सूने घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। इन चोरों के सीसीटीवी में कैद होने के बावजूद भी वारासिवनी पुलिस उन्हें पकडऩे में सफल नहीं हो पा रही है। पिछले 2 दिनों में नगर व समीपस्थ ग्राम वारा के शिवधाम मोहल्ला में 4 चोरी की घटनाएँ घट चुकी है। लेकिन पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं।

**दिनदहाड़े चोरों ने तोड़े ताले, किए चोरी:** शुक्रवार की दोपहर में नगर में 2 स्थानों पर चोरों ने दिनदहाड़े चोरी की वारदात घटी हैं। जिसमें वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 1 में स्थित पारस नगरी में संजय पटले के घर से लगभग 70 हजार रुपये, वार्ड नम्बर 3 निवासी फूलचंद ठाकरे के निवास से लगभग 4 लाख रुपये के नगदी व जेवरात की चोरी हुई है। वहीं गुरुवार को ग्राम पंचायत वारा के शिवधाम मोहल्ले निवासी केशोराव मरकाम के निवास से लगभग 1 लाख 30 हजार रुपये के नगद व जेवरात तथा हरिनारायण रहांगडाले के निवास से लगभग 90 हजार रुपये की चोरी की गई हैं।

**शिक्षक संजय पटले के घर से हुई 70 हजार की चोरी:** जानकारी अनुसार नगर के वार्ड नम्बर 1 में स्थित पारस नगरी के निवासी कृष्णा भगत के मकान में ग्राम कन्हारटोला के रहने वाले संजय पटले सपरिवार किराये से रहते हैं। दोनों पति-पत्नि शिक्षक हैं, संजय पटले ग्राम उमरटोला एवं उनकी पत्नि सरिता पटले ग्राम खरखड़ी में स्कूल में पदस्थ हैं। शुक्रवार को स्वास्थ्य खराब होने के कारण संजय पटले स्कूल नहीं गए थे, वही उनकी पत्नि सरिता पटले सुबह ग्राम खरखड़ी अपने स्कूल चली गई थी।

शिक्षक संजय पटले ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर में उनके बड़े भाई हेमराज पटले ट्रेन से वारासिवनी आ रहे थे, तो वह उन्हें लेने के लिए घर में ताला लगाकर दोपहर लगभग डेढ़ बजे वारासिवनी रेल्वे स्टेशन चले गए थे। वह अपने बड़े भाई को लेकर दोपहर लगभग पौने तीन बजे वापस घर लौटे और लोहे के गेट का ताला खोलकर अंदर गए, तो उनके मकान का मुख्य द्वार में लगा हुआ ताला टूटा हुआ था। जब वह अंदर गए, तो आलमारी का सामान बिखरा हुआ था और उसमें रखे हुए 2 जोड़ी चाँदी की पायल कीमत 25 हजार रुपये, सोने के कान के झुमके कीमत 10 हजार रुपये, चाँदी की चैन कीमत 2 हजार रुपये के साथ ही नगद रखे हुए 25 से 30 हजार रुपये गायब थे।

**शिक्षक ठाकरे के घर से हुई 4 लाख की चोरी:** वहीं शुक्रवार की दोपहर में ही वार्ड नम्बर 3 निवासी फूलचंद ठाकरे के निवास स्थान से भी चोरों ने दिनदहाड़े लगभग 4 लाख रुपये के जेवरात व नगदी पर



हाथ साफ कर दिया हैं। फूलचंद ठाकरे सीएम राईस टिहलीबाई स्कूल में शिक्षक हैं और उनकी पत्नि श्रीमती लिखेश्वरी ठाकरे केशव इंग्लिश स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। शुक्रवार को दोनों पति-पत्नि घर में ताला लगाकर स्कूल चले गए थे। जब शाम लगभग सवा 4 बार केशव स्कूल से वापस लौटी और घर के अंदर गई, तो पिछले हिस्से का दरवाजा टूटा हुआ था और दो कमरों में रखी हुई आलमारी खुली हुई थी और सामान पूरा बिखरा हुआ था। जब उसने सामान देखा, तो एक सोने का मंगलसूत्र सवा लाख रुपये का, सोने के 2 जोडी कान के झुमके 30 हजार रुपये, चाँदी के 12 सिक्के कीमत 15 हजार रुपये, एक जोड़ी चाँदी की पायल 5 हजार रुपये, चाँदी की दो बिछिया एक हजार रुपये व सोने की नाक की लौंग 10 हजार रुपये व 45 से 50 हजार रुपये नगद, एक वीवो का मोबाईल व एक की पैड वाला मोबाईल 12 से 15 हजार रुपये कीमत के दो आलमारियों से गायब थे।

श्रीमती ठाकरे ने बताया कि इस घटना की खबर उनके द्वारा अपने पति फूलचंद ठाकरे को दी गई। तो वह तत्काल घर पहुँचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। उन्होंने घटना स्थल को देखने के बाद डॉग स्कॉट आने तक किसी भी सामान को हाथ लगाने से इंकार किया हैं। उन्होंने कहा कि अभी हमने पूरी तरीके से देखा नहीं है, और भी सामान चोरी गया हो सकता हैं।

**मरकाम के घर से हुई एक लाख 30 हजार की चोरी:** इसी प्रकार गुरुवार को ग्राम पंचायत वारा के शिवधाम मोहल्ला में दो सूने घरों में चोरी की घटनाएँ घटी हैं। ग्राम शिवधाम में बीएसएनएल से सेवानिवृत्त केशोराव मरकाम अपने पुत्र के साथ रहते हैं। लेकिन पिछले दिनों उनके पुत्र विनायक मरकाम का आपरेशन होने के कारण वह वर्तमान में महाराष्ट्र प्रदेश के भंडारा में निवास कर रहे है और आना-जाना करते हैं। गत 13 सितम्बर को वह वारासिवनी आए थे और शाम को वापस भंडारा चले गए थे। लेकिन जब वह 18 सितम्बर को अपने घर आए और गेट का ताला खोलकर अंदर गए, तो घर के सभी दरवाजों के ताले टूटे हुए थे। मकान के निचले हिस्से के कमरों में कोई कीमती सामान नहीं था, वहीं ऊपर के फ्लोर के कमरों में रखा हुआ लगभग 50 हजार रुपये कीमत का एक सोने का मंगल सूत्र, 30 हजार रुपये कीमत की 2 सोने की अँगूठी और 50 हजार रुपये नगद राशि चोरों द्वारा चुरा ली गई थी।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने किया ऐलान, बोनस राशि का होगा बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

आगामी 24 सितम्बर को बालाघाट जिले के तहसील मुख्यालय कटंगी स्थित कृषि उपज मंडी में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों को बोनस वितरण के लिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश के समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों को बोनस के रूप में 337 करोड़ 12 लाख रुपये की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से किसानों के खाते में हस्तांतरण करेंगे. सीएम के इस कार्यक्रम में वितरित की जाने वाली 4 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर बोनस राशि का राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने बहिष्कार करने का निर्णय लिया है. शनिवार को सिवनी रोड़ स्थित कार्यालय में महासंघ के पदाधिकारियों ने बैठक कर यह निर्णय लिया. जिलाध्यक्ष खोवेन्द्र तुरकर ने कहा कि किसानों ने कभी बोनस की मांग नहीं की. उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि प्रदेश में सरकार बनने पर किसानों को धान का 31 सौ रुपए और गेहूं का 27 सौ रुपए



समर्थन मूल्य दिया जाएगा. इस घोषणा को मोदी की गारंटी का नाम दिया गया था लेकिन प्रदेश में भाजपा ने सरकार बनने के दो साल में अपने वादे के मुताबिक किसानों को समर्थन मूल्य नहीं दिया. खोवेन्द्र तुरकर कहते है कि सरकार किसानों को बोनस देने की बजाय 31 सौ रुपए समर्थन मूल्य के वादे के अनुसार किसानों को प्रति हेक्टेयर के हिसाब से वर्ष 2023-24 का 917 रुपए और वर्ष 2024-25 का 800 सौ रुपए का भुगतान करें. उन्होंने किसानों से अपील की है कि वह सरकार की बोनस राशि का बहिष्कार करते हुए अंतर की राशि की मांग करें।

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की बैठक में वन्य प्राणियों के द्वारा किसानों के खेतों की फसलों की नुकसानी और वन्य प्राणी के द्वारा इंसानी शिकार की घटनाओं पर दिए जाने वाले मुआवजे की राशि में भेदभाव जैसे गंभीर विषय में भी चर्चा की गई. दरअसल, इन विषयों को लेकर संघ के पदाधिकारी लगातार प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर सरकार के समक्ष इन विषयों को लाकर इनके निराकरण की मांग कर चुके है किंतु इन गंभीर विषयों पर सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया. अब सीएम कटंगी आ रहे है तो संघ के पदाधिकारी किसी भी माध्यम से सरकार का इन विषयों की तरफ ध्यानाकर्षण करवाना चाहते है. संघ ने वन्य प्राणियों को किसानों के खेतों तक आने से रोकने के लिए जंगल के आसपास तार फेंसिंग करवाने और खेतों को नुकसान पहुंचाने वाले वन्य प्राणियों को किसानों को मारने की अनुमति प्रदान करने की मांग भी रखी है. महासंघ के पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार वन्य प्राणियों के हमले में मरने वाले पीड़ति के परिवार को मुआवजा प्रदान करने में भी भेदभाव कर रही है. प्रदेश के शहडोल जिले में हाथी के हमले से मौत होने वाले आदिवासी के परिवार को 25 लाख रुपए की राशि दी गई जबकि कटंगी में बाघ के हमले में जिन लोगों की जान गई उनके परिवार को 08 लाख रुपए का मुआवजा ही मिला।

बैठक में जिलाध्यक्ष खोवेन्द्र तुरकर, जिला पंचायत सदस्य प्रकाश उके, समाजसेवी शरद कुमार पाण्डेय, लकेश कटरे, दिनेश कुमार गजभिए, अरुण गजभिए, योगेश राहंगडाले, बालकृष्ण राहंगडाले, चेतनलाल कटरे, महेश राहंगडाले, गितेन्द्र बिसेन, धनसिंह पटले, भरत सिंह देशमुख, महेश कुमार पटले, रोशन लाल तुरकर, मिनेश राज तुरकर, आशुतोष बिसेन सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

### स्टांप वेंडर के पुत्र के साथ दो वकीलों ने की मारपीट

# पुरानी रंजिश पर युवक से मारपीट, थाने में प्रकरण दर्ज

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर के तहसील कार्यालय के सामने एक युवक अमित खोब्रागढ़े निवासी ग्राम घोटी घुसमारा के साथ पुरानी रंजिश के चलते मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने इस मामले की थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उसने बताया कि कृष्णा खोबरागड़े और नरेन्द्र कुमार नगपुरे ने उसके साथ मारपीट की और गाली-गलौज की। पीड़ित ने बताया कि वह अपनी दुकान पर काम कर रहा था, जब तहसीन खान नामक व्यक्ति ने उसे फोन किया और मिलने के लिए बुलाया। और जब वह तहसीन खान से मिलने गया, तो वहां पर कृष्णा खोबरागड़े और नरेन्द्र कुमार नगपुरे भी मौजूद थे। परंतु तहसीन खान मौका स्थल पर मौजूद नही था, वहां पर कृष्णा खोबरागड़े ने युवक से गाली-गलौज की और मारपीट करने लगा। पीड़ित ने बताया कि नरेन्द्र कुमार नगपुरे ने भी उसके साथ मारपीट की। घटना के समय अरुण कुमार तांडेकर, अमरचंद उपराडे और नीलकंठ भटेरे भी मौजूद थे, जिन्होंने बीच-बचाव किया। घटना के बाद युवक अमित खोब्रागढ़े अपने पिता के साथ थाने आया और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित अमित खोब्रागड़े की शिकायत पर कृष्णा खोब्रागढ़े एवं नरेंद्र नगपुरे के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)2023 की धारा 296,115(2), 351(3),3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।



**एक दिन पूर्व ही थाने में की गई थी शिकायत:** जानकारी अनुसार पीड़ित युवक और उसके पिता ने एक दिन पूर्व ही लांजी थाने में मिनेंद्र कुमार खोबरागडे पिता स्व. देवाजी, जाति कलार, निवासी ग्राम घोटी घुसमारा के खिलाफ पीड़ित युवक अमित खोब्रागड़े के पिता भाउराव खोब्रागड़े स्टांप वेंडर ने मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी दिये जाने की शिकायत की थी और अपने साथ किसी भी अनहोनी घटना होने पर मिनेंद्र खोब्रागढ़े एवं उसके पुत्र कृष्णा खोब्रागढ़े को ही जिम्मेदार ठहराया था। परंतु उक्त शिकायत पर पुलिस द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया जिसके फल स्वरूप 19 सितंबर की शाम 4 बजे मिनेंद्र खोब्रागढ़े के पुत्र कृष्णा खोब्रागढ़े ने अपने साथी नरेदंर नगपुरे के साथ मिलकर अमित खोब्रागढ़े के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं अगर इस मामले में पुलिस पहले ही शिकायत के आधार पर युवको को समझाईश देती तो उक्त घटना नहीं होती।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर में आयोजित किया गया निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन, नेत्र शिविर में पहुंचे विधायक करहि



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस 17 सितम्बर के तहत आयोजित सेवा पखवाड़े के अवसर पर आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर में आयोजित निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन नेत्र शिविर व काँचियाबिंद, रेटिना/पर्दा, फ्रेक्चर, नाखूना, ट्यूमर/कैंसर, अक्सूर, भेंगापन निशुल्क दवा एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। इस दौरान ज.प अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह जी, उपाध्यक्ष भुवनसिंह रहांगडालें, जिलापंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे जी, किरनापुर मंडल अध्यक्ष श्रीमति मीना नन्हें बहेकार जी, माटे मंडल अध्यक्ष भीकू मात्रे जी, महामंत्री श्री चुमेश लिल्हारे जी, विधायक प्रतिनिधि श्री रामकुमार राणा जी, एन. आर गुर्दे जी, ी शिव तारन जी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, व समस्त क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जबलपुर रेफर किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी में किंदरई थाना क्षेत्र के भिलाई गांव के पास रात में रायपुर से नरसिंगपुर जा रहे दो लोगों की बाइक पत्थर से टकरा गई। हादसे में दोनों को चोटें आई। घायलों में रायपुर निवासी (32) जग तारण भारती और अमित रोहाण (40) शामिल हैं। दोनों किसान हैं। उन्हें सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को देखते हुए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। किंदरई थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। दुर्घटना वाली जगह पर आमतौर पर लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है।

# कलेक्टर के आने पर ही खुलेगा ताला ग्रामीणों ने पंचायत भवन को किया लॉक

**सिवनी जिले के जनपद पंचायत बरघाट के ग्राम पंचायत गोरखपुर का मामला**

**बरघाट। ग्राम पंचायत सचिव की लापरवाही से तंग आकर ग्रामीणों ने गोरखपुर ग्राम पंचायत भवन में ताला जड़ दिया है। ग्रामीणों की मांग है कि सिवनी कलेक्टर गोरखपुर गांव आएंगी तभी ग्रामीण ग्राम पंचायत भवन का ताला खोलेंगे।**




ग्रामीणों का आरोप है सचिव हेमराज राहंगडाले कई महीनों से ग्राम पंचायत नहीं आए। सिवनी जिले के जनपद पंचायत बरघाट के ग्राम पंचायत गोरखपुर में सचिव की मनमानी से आक्रोशित ग्रामीण महिलाओं और ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच और पंच ने सचिव के विरुद्ध बिगुल बजा दिया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत गोरखपुर सचिव हेमराज राहंगडाले से बात की गई तो उन्होंने कहा कि ग्रामीण जो कह रहे है वो सही कह रहे है लिख दो आपके पेपर में की डेढ़ वर्ष से सचिव ग्राम पंचायत नहीं गया है और कुछ मुझसे पूछना है आपको जो छापना है छापों ठीक है सचिव के द्वारा बात बोली गई है।

**कलेक्टर बुलाओ, ताला खुलाओ**

ग्राम पंचायत गोरखपुर में पदस्थ सचिव हेमराज राहंगडाले के पंचायत से नदारद रहने पर ग्रामीणों ने पंचायत भवन में ताला जड़ दिया है। और महिलाओं और पंचायत जनप्रतिनिधियों ने इसकी सूचना जिला पंचायत सिवनी सीईओ और बरघाट जनपद पंचायत सीईओ को दे दी है।

ग्रामीण महिलाओं का आरोप है सचिव लम्बे समय से पंचायत कार्यालय नहीं आया है। जिससे ग्रामीण शासकीय योजनाओं से वंचित है। ग्रामीणों की मांग है कि पहले कलेक्टर बुलाओ फिर ग्राम पंचायत भवन का ताला खोलेंगे।

**सचिव ने नहीं कराई ग्रामसभा**

ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्ययोजना तैयार करने शासन के द्वारा ग्रामसभा आयोजित की जाती है । ग्रामीणों ने बताया कि 15 के बाद ग्रामसभा आयोजित किया जाना था लेकिन आज दिनांक तक गोरखपुर में ग्राम सभा आयोजित नहीं की गई है। ग्रामीण सचिव को ढूंढ रहे है लेकिन सचिव का कही आता पता नहीं है। ग्रामीण लापरवाह सचिव हेमराज राहंगडाले को बर्खास्त करने की मांग पर अड़े हुए है।

# अपहता को कोतवाली पुलिस ने जबलपुर से किया दस्तयाब

**पुलिस ने आरोपी को गिरफ़्तार कर भेजा जेल**

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अपराधों के रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास किये जाते रहे हैं।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिक बालक बालिकाओं के अपहरण की रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए लगातार दस्तयाब किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 11/09/2025 को फरियादिया अपहता की मां द्वारा नाबालिक लड़की उम्र 15 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने कि रिपोर्ट दर्ज कराने पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द धारा 137(2) बीएनएस के अधीन अपराध पंजीबध्द किया जाकर अपहता की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित कर दिनांक 18/09/2025 को जबलपुर से अपहता को दस्तयाब किया गया जिसने पूछताछ पर आरोपी संतकुमार उर्फ संदीप धुर्वे निवासी बम्हनी खेड़ा थाना केवलारी द्वारा बहला फुसलाकर नागपुर, मैहर एवं जबलपुर ले जाना एवं जबरदस्ती गलत काम करना बताने पर प्रकरण में सुसंगत धाराओं का ईजाफा किया गया एवं आरोपी की तलाश की जाकर गिरफ़्तार कर जेल भेजा गया हैं। गिरफ़्तार आरोपी- संतकुमार उर्फ संदीप धुर्वे पिता संतोष धुर्वे उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बम्हनी खेड़ा थाना केवलारी जिला सिवनी। नाम अपहताः- नाबालिक बालिका उम्र करीबन 15 वर्ष।

**सराहनीय कार्य**

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री किशोर वामनकर, देवेन्द्र उइके, प्र.आर. चन्द्रप्रकाश अडमें, मनोज पाल, मनोज मरावी, आर सुधीर, दिनेश हरदा, सौरभ, म.आर. कीर्ति, दीपाली की विशेष भूमिका रहीं हैं।

# पवन मालू ने शासकीय मल्टी न्यू मिडिल स्कूल मे डेस्क बेंच गिफ्ट किया



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय मल्टी न्यू मिडिल स्कूल गुरु नानक वार्ड पंजाबी गुरुद्वारा के सामने वार्ड पार्षद राज़िक अकील के निवेदन पर नगर के प्रतिष्ठित नागरिक पवन मालू द्वारा जिला कलेक्टर संस्कृति जैन गिफ्ट ए डेस्क से प्रेरित होकर शाला को डेस्क बेंच गिफ्ट किया गया इस अवसर पर शाला परिवार ने मालू परिवार का स्वागत, आभार व्यक्त किया मालू जी द्वारा शासकीय शाला की पढ़ाई और ब्यबस्था को देख कर प्राचार्य सहित पूरे स्टॉफ की प्रशंसा की साथ ही बच्चो के स्वच्छ पानीपीने के लिए एकवा गार्ड देने की बात कही इस अवसर पर पवन मालू जी श्रीमती संगीता मालू,उमंग मालू, श्रीमती राधिका मालू वार्ड पार्षद राज़िक अकील, प्रेम प्रकाश नायक अन्ना ओम प्रकाश श्रीवास, सुश्री कांता ठाकुर,जमील कुरैशी, नवीन चौबे,विष्णु गौर, संजय साहू, वाहिद खान, चंदू साहू, किशोर यादव, इरशाद कादरीमोनू, असरफ क्रांति साहू, सुनील नामदेव, शाला प्राचार्य पटले पंकज तिवारी सर सहित शाला परिवार उपस्थित रहा।

### सर्प दंश से 11 साल की बालिका की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बटामा में 11 साल की बालिका की मौत सर्प दंश से हो गई है। शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में शनिवार को किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरि सिंह तिरगाम की 11 वर्षीय बेटी काजल रात में घर में सोई थी। तभी विषैले सर्प ने दश लिया। परिजनों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुँचे जहाँ उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजन को सौंप दिया गया। हरि सिंग के तीन बच्चें हैं, जिसमें एक कि मौत हो जाने पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# 27 सितंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

हर वर्ष की तरह इस साल भी 27 सितंबर, शनिवार को बारापत्थर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह का मुख्य आकर्षण "फायर पुष्पाहै अल्लू अर्जुन का हमशक्ल का धमाकेदार प्रदर्शन होगा, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा।

शहर के बारापत्थर क्षेत्र स्थित बाहुबली चौक पर आगामी 27 सितंबर, शनिवार को एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी यह आयोजन उत्साह, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास से भरपूर रहेगा।

कार्यक्रम न सिर्फ धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है, बल्कि यह एक ऐसा मंच भी है जो शहर के लोगों को एक साथ आने और अपनी संस्कृति का जश्न मनाने का अवसर देता है। आयोजकों ने सभी शहरवासियों, विशेष रूप से युवाओं को इस भव्य आयोजन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक अजय बाबा पांडे एवं उनकी मित्र मंडली ने बताया कि इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'फायर पुष्पा' अल्लू अर्जुन का हमशक्ल नामक विशेष प्रस्तुति होगी। यह एक अद्वितीय शो होगा, जिसमें पारंपरिक गरबा शैली को आधुनिक लाइट और साउंड इफेक्ट्स के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। दर्शकों को यह प्रस्तुति एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला अनुभव प्रदान करेगी। इसके अलावा, स्थानीय कलाकारों द्वारा लोक नृत्य, सांस्कृतिक गीत, और मनोरंजक प्रस्तुतियां भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगी, जिससे शहर की सांस्कृतिक विविधता और समृद्ध परंपरा की झलक देखने को मिलेगी। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एकता और धार्मिक आस्था को बढ़ावा देना भी है।

उन्होंने विशेष रूप से युवाओं और परिवारों से इस आयोजन में भाग लेने की अपील की है, ताकि सभी मिलकर गरबा की धुनों पर झूमते हुए नवरात्रि का स्वागत कर सकें।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी आयोजन समिति सतर्क है। बाहुबली चौक पर पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि आगंतुकों को सुरक्षित और आनंददायक अनुभव मिल सके। पुलिस और स्वयंसेवकों की टीम तैनात रहेगी, जिससे कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हो।

कार्यक्रम के आयोजक अजय बाबा पांडे एवं मित्र मंडली ने बताया कि यह आयोजन बारापत्थर, बाहुबली चौक पर होगा, जहां कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। यह आयोजन क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बनाएगा। सभी शहरवासियों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

# मार्कशीट के लिए भटक रहे छात्र, बच्चों का भविष्य दाव पर

**छपारा। स्थानीय सी एम राईस के द्वारा १२वी कक्षा की परिक्षा देने क बाद उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राए विगत एक माह से अंक सूची प्राप्त करने के लिए चक्कर काट रहे है।**

स्कूल के जिम्मेदार शिक्षक सही जानकारी नही दे रहे हैं, अभिभावक परेशान हैं- क्यों कि कुछ छात्रों ने, इन्टर द्वारा प्राप्त अंक सूची से, कालेजो में एडमीसन लिया है कालेज द्वारा उनसे बार बार अंक कि सूचि मांग कर रहे हैं कुछ छात्रों ने प्रवेश के समय डोनेशन भी दे चुके हैं,- समय पर अंकसूची नहि मिली तो आर्थिक नुकसान के साथ साथ उनका भविष्य भी अंधकार -मय हो जायेगा। संबंधित अधिकारी इस ओर शीघ्र ध्यान दें ऐसी अभिभावकों की अपेक्षा है।

### भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सैनिक सम्मेलन 23 को

**सिवनी।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों का मासिक सैनिक सम्मेलन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सिवनी में दिनांक 23 सितम्बर 2025 को प्रातः 11:30 बजे आयोजित किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास ने बताया कि इस सम्मेलन में उपस्थित होकर भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित अपनी समस्याओं एवं सुझावों को सीधे रख सकेंगे। समस्याओं के निराकरण हेतु विभागीय चर्चा की जाएगी। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ने सभी भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं आश्रितों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

# गोंड समाज महासभा ने मनाया गोंडवाना साम्राज्य के अमर शहीद राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह जी का 168 वां बलिदान दिवस

**उगली।** 18 सितम्बर 2025 को गोंड समाज महासभा सर्किल कमेटी व ग्राम कमेटी सरेखाकला उगली, तहसील केवलारी जिला सिवनी ने गोंडवाना साम्राज्य के अंतिम शासक, स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह जी का 168 वां बलिदान दिवस पर उन्हें प्रतिमा स्थल सरेखाकला में पुषपांजलि अर्पित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विशाल कलश यात्रा के साथ पारंपारिक ढोल शहनाई वाद्य यंत्रों के साथ गोंड राजघराने सरेखाकला के ईष्ट देवों, ग्राम की पेन शक्ति को गोंगों करते, प्रतिमा स्थल पर पूजन माल्यांर्पण कर बड़ादेव ठाना स्थल पर पहुँच कर प्रकृति शक्ति फड़ापेन की स्तुति की गई।गोंगों पूजन कार्य जगदीश प्रसाद परते प्रदेश उपाध्यक्ष गोंडी भुमका प्रकोष्ठ, ऐन सिंह इड़पाचे गोंडी भुमका सर्किल उगली द्वारा संपन्न कराया गया।तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



उध्बोधन की श्रृंखला में प्रदेश अध्यक्ष बी एस परतेती ने गोंडवाना साम्राज्य के इतिहास,देश की आज़ादी में गोंड समाज का योगदान,संगठन द्वारा किए जा रहे कार्य व भोपाल का नाम बदलकर भोजपाल करने वाले भोजपाल मित्र परिषद को चेतावनी देते हुए कहा गोंडवाना साम्राज्य के गौरवशाली स्वर्णिम इतिहास से छेड़छाड़ बरदास्त नहीं किया जाएगा और ना ही नाम बदलने दिया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूलाल वट्टी ने अलग धर्म कालम,कोड पर बात रखी, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर वीरेंद्र राज सिंह ने गोंडवाना साम्राज्य के इतिहास और शिक्षा व संगठित रहने की बात कही, जनपद सदस्य राम लाल उइके, सेवा निवृत्त फौजी फते सिंह धुर्वे, नगर अध्यक्ष राम नरेश आर्मो ने शिक्षा, रोजगार,नशा मुक्त समाज बनाने और गोंडी संस्कृति, संस्कार को बचाने हम सब को एक जुटता के प्रयास करने की बात रखते हुए समाज को संबोधित किया। देर रात सेवा निवृत्त आईएएस श्याम सिंह कुमरे भी ग्राम सरेखाकला पधारे और राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह जी पुषपांजलि अर्पित किए।

कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न कराने में सर्किल कमेटी के संग्राम सिंह भलावी, कोषाध्यक्ष, देवेंद्र उइके सचिव, सेक्टर कमेटी के उगली अध्यक्ष सहतलाल सरुते से. नि. विद्युत विभाग, सचिव शेर सिंह मरावी, सरेखाकला अध्यक्ष चेतन सिंह परते, सचिव नरेन्द्र उइके, पांडिया छपारा अध्यक्ष शाह सिंह उइके ,सचिव राधेश्याम उइके, ग्राम कमेटी सरेखाकला अध्यक्ष बलवंत भलावी, सचिव शिव प्रसाद परते सहित सभी पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा। मंच का सफल संचालन राधे श्याम उइके सचिव सेक्टर कमेटी पांडिया छपारा ने किया।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में अनुभागवार-दिवसवार उपस्थित रहेंगे एसडीएम

**कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लाने के उद्देश्य से नियमित रूप से आयोजित होने वाली जनसुनवाई में जिले के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को उपस्थित रहकर आमजन की शिकायतों और आवेदनों पर सुनवाई करने के आदेश जारी किए हैं।**

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

जारी आदेशानुसार प्रत्येक मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करेंगी।

प्रथम मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी कुरई प्रशांत उइके एवं अनुविभागीय अधिकारी बरघाट संदीप श्रीवास्तव आमजन से सीधे संवाद करेंगे तथा प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

द्वितीय मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी लखनादौन श्री रवि सिहाग एवं तृतीय मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी केवलारी महेश अग्रवाल तथा चतुर्थ मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी घंसौर बिसन सिंह ठाकुर को जनसुनवाई में उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया है।

# सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आज होगी नमो मैराथन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

जिले में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सिवनी में नमो मैराथन का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के आदेशानुसार यह मैराथन 21 सितम्बर 2025, प्रातः 7:30 बजे शासकीय महाविद्यालय (कालेज ऑफ एक्सीलेंस) सिवनी से प्रारंभ होगी। मैराथन का मार्ग प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी से शुभारंभ होकर, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के सामने से, सोमवारी चैक, सरस्वती स्कूल, एम.एल.बी स्कूल, पोस्ट आफिस के सामने से नगर पालिका के सामने से वापस पुनः बस स्टेंड, पोस्ट आफिस के सामने से दल सागर चौपाटी होते हुये एम.एल.बी. स्कूल के सामने से, सरस्वती स्कूल के सामने से होकर, सोमवारी चौक, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के सामने से नमो मैराथन का समापन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में होगा।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने विशेष रूप से युवाओं से अपील की है कि वे मैराथन में भाग लें, अपनी सक्रिय सहभागिता दिखाएं और सेवा पखवाड़ा अभियान को सफल बनाने में योगदान दें। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से मार्ग में सुरक्षा और अनुशासन का पालन करने का भी अनुरोध किया है।

इस आयोजन में महाविद्यालयों व विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ एनसीसी, एनएसएस एवं स्काउट-गाइड के सदस्य भी बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

# महिलाओं को दी गई उनके अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज लारोकर के मार्गदर्शन में संकल्प हब फॉर एंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत, चलाए जा रहे कार्यक्रम में। जिला सिवनी में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत पंजीकृत महिला हितग्राही को भारत सरकार की अटल पेंशन योजना से जोड़ने के लिए जिले की समस्त परियोजनाओ मे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी तारतम्य में प्रशासक वन स्टॉप सेंटर सुश्री ईशा बाल्मिक के मार्गदर्शन में दिनांक 19/09/2025 को ग्राम पंचायत खैरी जिला सिवनी में हितग्राही महिलाओं को सेंटर एडमिन श्रीमती नारायणी सक्सेना के द्वारा वन स्टाफ सेंटर में प्रदान की जाने वाली सेवाएं, विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, महिला संबंधित अधिनियम वन स्टाफ सेंटर के द्वारा कराए जाने वाले निशुल्क प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गई ।अटल पेंशन योजना की जानकारी दी गई एवं महिलाओं को पंजीकृत किया गया इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर से कार्यालय प्रशासक सुश्री ईशा बाल्मिक, सेंटर एडमिन श्रीमती नारायणी सक्सेना, महिला पर्यवेक्षक श्रीमती साधना उईके, ग्राम सचिव,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

# खाद्य प्रशासन विभाग द्वारा की गई विभिन्न ढाबों एवं रेस्टोरेंट की जांच

**लिए गए खाद्य सामग्रियों के नमूने**

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

खाद्य सुरक्षा प्रशासन सिवनी विभाग सतत खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच की जा रही है। इसी कड़ी में नागपुर रोड स्थित हरियाणा मेवात राजस्थानी ढाबा सुकतरा, दादा गुरु ढाबा एवं फैमिली रेस्टोरेंट नागपुर रोड, ठाकुर रेस्टोरेंट गोपालगंज सिवनी के निरीक्षण के दौरान अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य सामग्री निर्माण करने विक्रय करने को लेकर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।

इसी तरह बम्होडी बरघाट स्थित ठाकुर किराना से दलिया, मेथी दाना एवं बोरीकला बरघाट स्थित किराना दुकानों से मिक्स नमकीन, मैदा, विमल पान मसाला एवं खूट बरघाट स्थित उमा प्रसाद पटले किराना से विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने गुणवत्ता जांच हेतु लिए गए।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

**शिविर में 320 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण**

**केवलारी** / स्वर्गीय श्री डॉ बसंत तिवारी जी की पुण्य स्मृति में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य ओर रक्त जांच शिविर लगाया गया। गीता पराभक्ति मंडल। चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में परमपूज्य ब्रम्हलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी के आशीर्वाद एवं गीता मनीषी ब्र.श्री निर्विकल्प स्वरूप जी की प्रेरणा से परम पूज्य पिता जी स्व .श्री डॉ बसंत तिवारी जी की पुण्य स्मृति में ब्राम्हणों के द्वारा गीता पाठ किया गया उसके बाद पिता की दिए संस्कारों को आगे बढ़ाते हुए समाज सेवी डॉ अविनाश तिवारी पीड़ति मानवता की सेवा में सभी 320 मरीजों की रक्त जांच करा कर दवाई निःशुल्क दिए वही डॉ उमेश पाठक जी, डॉ पीयूष श्रीवास्तव जी डॉ सुरभि साहू ने भी सभी मरीजों का निशुल्क इलाज किए ओर पैथोलॉजी से नारायण सिंह पटेल,पूनम राणा सिस्टर लता सराठे,सिस्टर वर्षा यादव,मनीष कटरे,रामफल यादव ओर समस्त स्टॉप का सहयोग सराहनीय रहा।

### कर्मचारियों के एनपीएस मिसिंग क्रेडिट का होगा समाधान

सिवनी। संचालनालय कोष एवं लेखा म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार उन कर्मचारियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, जिनके वित्तीय वर्ष 2015 से 2018 तक के एनपीएस अंशदान ढ्ढस्नरूढ्ढस् सॉफ्टवेयर में मिसिंग क्रेडिट के रूप में प्रदर्शित हो रहे हैं। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी सिवनी ने बताया कि ऐसे कर्मचारियों के चालानों की उपलब्धता जिला कोषालय सिवनी में कराना आवश्यक है। चालान प्रस्तुत होने पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए संबंधित राशि को कर्मचारियों के एनपीएस खातों में अंतरित किया जाएगा। कोषालय अधिकारी ने अपील की है कि पात्र कर्मचारी शीघ्र अपने चालान प्रस्तुत करें, ताकि उन्हें एनपीएस का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

### आर-सेटी में 31 दिवसीय महिला टेलर प्रशिक्षण उपरांत किया गया प्रमाण पत्र का वितरण

**सिवनी ।** आर-सेटी सिवनी में 31 दिवसीय महिला टेलर प्रशिक्षण बैच का समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया से एल.डी.ओ. धीरज गुप्ता तथा भारतीय स्टेट बैंक के एल.डी.एम. प्रवीण कुमार दिसोरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिले के सभी ब्लॉकों से आजीविका मिशन के माध्यम से चयनित 35 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण डी.एस.टी. सुश्री शकुंतला पाईग द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में धीरज गुप्ता ने वित्तीय साक्षरता एवं साइबर क्राइम से बचाव के विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं प्रवीण कुमार दिसोरिया ने महिला टेलर व्यवसाय की उपयोगिता एवं बैंक लोन की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आर-सेटी निदेशक कुलदीप सिंह, समस्त स्टाफ एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### भ्रष्टाचार को छुपाने बुलाई गई ग्राम सभा - उपसरपंच

## ग्राम पंचायत भरवेली में सभा को लेकर विवाद

**सरपंच पति अनिल बिसेन के हस्तक्षेप के चलते पंचों में नाराजगी, सरपंच पति मुस्लिम समाज के विरूद्ध भरे मंच से विवादित बयान जारी किया था राजनीतिक सरंक्षण के चलते नहीं हुई कार्यवाही, भरवेली का प्रसिद्ध नवरात्रा कार्यक्रम में हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक हुआ करता था कार्यक्रमों की लिस्ट से गायब हुआ कव्वाली का कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले की भरवेली पंचायत की ग्रामसभा में शनिवार को सरपंच और उपसरपंच के समर्थकों के बीच विवाद हो गया। सरपंच गीता बिसेन ने बजरंग बाल उद्यान में ग्रामसभा का आयोजन किया था।

सरपंच का कहना है कि उपसरपंच राजेश बाहेश्वर और पंच अमीन खान ने उनसे दो लाख रुपए की मांग की। उन्होंने बताया कि पंचायत की बैठकों में प्रस्तावों को खारिज किया जा रहा था।

विकास कार्यों में उपसरपंच और उनके साथी पंचों का सहयोग नहीं मिल रहा था। इसलिए उन्होंने ग्रामीणों से सीधी बात करने के लिए ग्रामसभा बुलाई थी।

उपसरपंच राजेश बाहेश्वर का आरोप है कि सरपंच अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए ग्रामसभा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि जब वे ग्रामसभा में पहुंचे तो उनके साथ गाली-गलौज की गई। उन्हें मारने की धमकी दी गई और भगा दिया गया।





घटना के बाद दोनों पक्षों ने थाने में जाकर एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

### वन परिक्षेत्र बालाघाट में हिमांशु राय उपवनमंडलाधिकारी की मिलीभगत से उपचार कार्य में लाखों का भ्रष्टाचार, बीटगार्ड से लेकर सहायक परिक्षेत्र अधिकारी सब की हिस्सेदारी फिक्स

## एस.सी.आई. कूपो में कार्य के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दक्षिण वनमंडल बालाघाट सामान्य में भ्रष्टाचार रूकने का नाम नहीं ले रहा हैं। ताजा उदाहरण वनरक्षक मत्तम नगपुरे को ईओडब्ल्यू की टीम ने रंगेहाथों रिश्वत लेते दबोचा हैं, वहीं आज भी बाघ के शव को जला कर प्रमाण नष्ट करने वाले डिप्टी रेंजर तथा बीटगार्ड अभी भी फरार चल रहे हैं। वनरक्षक ही भक्षक बन गये हैं, वन परिक्षेत्र बालाघाट मुख्यालय में पदस्थ परिक्षेत्र अधिकारी हिमांशु राय तथा उपवनमंडल अधिकारी बालाघाट वनिता फूलबेल के सरंक्षण में परिक्षेत्र सहायक कान्हाटोला भाग 2 के द्वारा एस.सी.आई. कूपो में उपचार कार्य के नाम पर फर्जी भुगतान कर शासन की राशि में बंदरबाट करने की जानकारी प्राप्त हो रही हैं। मिली जानकारी अनुसार कान्हाटोला भाग 2 में लगभग पांच कूपों में उपचार कार्य करना था,वर्ष 2025-26 में किन्तु परिक्षेत्र सहायक तथा बीटगार्ड के द्वारा कूपो में लेंटाना उन्मूलन तथा विकृत पौध कटाई, चेकडेम तथा अन्य निर्माण कार्य को कागज में दर्शाकर फर्जी मजदूरों के नाम पर शासन की राशि का बंदरबाट का खेल जोरों पर चल रहा हैं। मोहनपुर, कावेली ग्राम के ग्रामीणों ने अपना नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि डिप्टी रेंजर तथा बीटगार्ड उपरोक्त क्षेत्रों में नही रहते हैं, बालाघाट मुख्याल में रहकर वनों की निगरानी करते हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारी बालाघाट हिमाशुं राय पर पूर्व में भी भ्रष्टाचार का आरोप लगता रहा हैं। लंबे समय तक कटंगी परिक्षेत्र में पदस्थ रहकर, अखबारों की सुर्खियां बनते रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि राय साहब की राजनीति तथा वरिष्ठ अधिकारियों में मजबूत पकड़ हैं। वर्षो से जमे अधिकारी धमेन्द्र बिसेन को चलता कर दिया तथा उनकी जगह लेने में कामयाब हो गये। बालाघाट रेंज में बजरंगघाट, शंकरघाट में सौंदर्यकरण के नाम पर करोड़ों का कार्य चल रहा हैं। यहां पर भी सौंदर्यकरण के नाम पर राय साहब करोड़ो की लीपापोती कर रहे हैं।




## पुलपुट्टा में कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन, बालाघाट की टीम बनी विजेता, उपविजेता सिहोरा

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी ।

क्षेत्र की ग्राम पंचायत पुलपुट्टा में सार्वजनिक नवयुवक गणेश उत्सव समिति पुलपुट्टा के तत्वावधान में 17 सितंबर को नाईट कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित कर संपन्न की गई। इस दौरान प्रतियोगिता में मप्र, महाराष्ट्र की टीमो ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । प्रतियोगिता का फाइनल मैच का मुकाबला बालाघाट एंव सिहोरा की टीम के बीच खेला गया जिसमे बालाघाट की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया तथा द्वितीय पुरस्कार सिहोरा की टीम ने प्राप्त कर उपविजेता बनी। प्रतियोगिता के आयोजनकर्ता एंव अतिथीयो के हस्ते पुरस्कार विजेता एंव उपविजेता टीम को देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 8888 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 5555 रूपए प्रदान किया गया साथ ही अन्य टीमो को पुरस्कार वितरण किया गया । इस अवसर पर विजय सोनवाने सरपंच पुलपुटटा, विश्वेश्वर सोनवाने भाजपा महामंत्री, विनोद बोरकर उपसरपंच,संजय तांडेकर अश्क और शैलेन्द्र बोरकर समिति अध्यक्ष भेजन सोनवाने, उपाध्यक्ष नानेश्वर सोनवाने, कोषाध्यक्ष चितरंजन सोनवाने, सचिव डुलीचंद सोनवाने,सह सचिव डुलिचंद सेंदरे सहित अन्य मौजूद रहे।



## गर्भवती महिला की जिला अस्पताल में मौत



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मलाजखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र में सीजेरियन प्रसव की सुविधा नहीं होने से एक गर्भवती महिला की जान चली गई। मृतका की पहचान सुमित्रा पंचतिलक के रूप में हुई है।

सुमित्रा को रात में प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजन उसे मोहगांव मलाजखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र ले गए। नॉर्मल डिलीवरी संभव नहीं होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में शनिवार सुबह करीब 3 बजे सुमित्रा और उसके गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई।

सुमित्रा का विवाह विजेंद्र पंचतिलक से 27 अप्रैल 2018 को हुआ था। उनकी दो बेटियां हैं। यह उनका तीसरा बच्चा था। विजेंद्र छह बहनों में अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है। सुमित्रा बैहर के पोगार की रहने वाली थी।

अस्पताल पुलिस चौकी प्रभारी ईश्वरदयाल पटले ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। मामले की जांच मलाजखंड पुलिस करेगी। यह घटना जिले में सुरक्षित प्रसव के दावों पर सवाल खड़े करती है।

## एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला. सिंघई (उकवा) मे किया गया सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम

### सेवा केवल शासन का कार्य नहीं, बल्कि हर नागरिक का धर्म है।



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** भारत की परंपरा में सेवा को सर्वोच्च धर्म माना गया है। सेवा पखवाड़ा 2025 इसी भावना को जीवंत करने का प्रयास है। यह विशेष अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक पूरे प्रदेश में चलेगा। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस से होगी और समापन महात्मा गांधी जी की जयंती पर। दो महापुरुषों की प्रेरणा से जुड़ा यह पखवाड़ा हमें याद दिलाता है कि यह अभियान स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, पोषण, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में जनता और प्रशासन को एक मंच पर लाकर जनभागीदारी से जनकल्याण का आदर्श प्रस्तुत करेगा। इस अवसर पर मुख्य अथिति स्वरूप सर्व धर्म सेवा समिति के सक्रिय सदस्य समाजसेवी संदीप गजभिये एवं समाजसेवी अमन गौतम वन्यजीव रेस्क्यू टीम के सदस्य - प्रदीप कुमार, व , टीकेश दीप - ने विद्यार्थियों को बाघ, अजगर, सांप, मोर जैसे वन्यजीवों के महत्व और स्वच्छता पर रोचक जानकारी दी। टीम ने बच्चों को समझाया कि वन्यजीव हमारे पर्यावरण की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और इन्हें बचाना सबकी जिम्मेदारी है।कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में दो शिशम के पौधे भी लगाए गए। बच्चों ने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण में भाग लिया और प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया।इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी गीता यादव एवं शिक्षक गण बघेश्वरी नागपुरे, मधु पाटिल, भोजलाल सोनवाने और घनश्याम पटले उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरित किया।

## तिरोड़ी थाना परिसर में नवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा के निर्देशानुसार शनिवार को थाना परिसर तिरोड़ी में आगामी नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. थाना प्रभारी कौशल कुमार सूर्या की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मार्येल दुर्गा उत्सव समिति सचिव आंनद बागड़े, भाजपा मंडल अध्यक्ष अविनाश देशमुख, पूर्व सरपंच आंनद बरमैया, प्रीतम वारदे, धमेन्द्र काशी सहित तिरोड़ी के गणमान्य जन, विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधियों और आसपास की ग्राम पंचायतों के सरपंच गण भी शामिल हुए. बैठक में पूजा समितियों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि नवरात्रि हिंदू समाज का एक महत्वपूर्ण धार्मिक उत्सव है. इसे आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाना सभी की जिम्मेदारी है. प्रशासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन अनिवार्य है. प्रतिमा स्थापना, मूर्ति के आकार, साउंड सिस्टम के प्रयोग, शोभायात्रा के मार्ग और प्रतिमा विसर्जन सहित सभी कार्यक्रमों के लिए निर्धारित समय सीमा और नियमों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए गए।

### सार्वजनिक दुर्गा माता मंदिर में होगा ज्वारा रोपण, समिति का गठन

## औल्याकन्हार में नवरात्रि पर्व की तैयारियाँ तेज

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** ग्राम पंचायत औल्याकन्हार (नगर मुख्यालय से लगभग दो किमी दूर) में इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व पूरे भक्ति भाव और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। परंपरा के अनुसार सार्वजनिक दुर्गा माता मंदिर में ज्वारा रोपण का कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें सभी ग्रामीणों की सहभागिता विशेष रहेगी। नवरात्रि के सफल आयोजन को लेकर 18 सितंबर,गुरुवार को मंदिर परिसर में ग्रामीणों की सामूहिक बैठक आहूत की गई। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति में झामसिंह राणा को अध्यक्ष, प्रमोद चौहान को सचिव, सोमदत्त यादव व भंडारी नागेश्वर को उपाध्यक्ष,शरद धानेश्वर को कोषाध्यक्ष तथा धनेन्द्र पटले को सहसचिव नियुक्त किया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि 22 सितंबर,सोमवार से प्रारंभ हो रहे नवरात्र पर्व से पूर्व मंदिर परिसर की साफ-सफाई एवं आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही मंदिर निर्माण व विकास कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सरपंच प्रतिनिधि ओ. पी. बिसेन ने बताया कि नवरात्रि पर्व औल्याकन्हार ग्राम की आस्था और एकता का प्रतीक है। ग्रामीणों का सहयोग ही इस आयोजन को भव्य बनाता है।



बैठक में प्रमुख रूप से शीतल प्रसाद हरिद्वाज,नीलकंठ नागेश्वर,चन्द्रशेखर बनवाले, मुकेश चौहान,संदीप गुनेश्वर (पंच),लक्ष्मण सोनवाने,सुशील ब्रम्हें,सुनील बिसेन,छन्नूलाल कटरे,प्रभात मेश्राम,निकेश ब्रम्हें, सोहनलाल कटरे,भवन ब्रम्हें, राजा हरिद्वाज,सनम ब्रम्हें, भुमेश्वर कटरे,कत्तूलाल नागेश्वर, हितेश नागेश्वर,मनीष नागेश्वर, विजय खरे,विजेन्द्र मराठा, कमलेश नागेश्वर,राजेश कावरे,फत्तू नागेश्वर,प्रहलाद बिसेन (लालू भैया),दयाप्रसाद नागेश्वर,विनय हरिद्वाज,सुरेश यादव,शीतल प्रसाद ब्रम्हें,पिंटू यादव,सुभाष ब्रम्हें,संतोष नागेश्वर, मनोज नागेश्वर, अशोक पाण्डे, अशोक ब्रम्हें,सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सेवा पखवाड़े अंतर्गत ग्राम बोट्टे हजारी में कृषि योजनाओं की दी गई जानकारी

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत 19 सितम्बर को कृषि विभाग द्वारा ग्राम पंचायत बोट्टे में गतिविधियॉ आयोजित की गई। कृषि विस्तार अधिकारी आंचल खोबरागड़े द्वारा ग्राम पंचायत बोटटे हजारी में कृषकों को कृषि विभाग की जानकारी से अवगत कराया गया जिसमें किसानों को आगामी रवि सीजन से संबंधित कृषि योजनाओं की जानकारियां दी गई साथ ही कृषकों को जे फॉर्म ऐप और एन.पी.एस.एस ऐप के बारे में भी जानकारी देकर ऐप डाउनलोड करवाया गया और उसकी उपयोगिता बताई गई। इस दौरान सरपंच राजेंद्र बघेल, संतोष डोरस रोजगार सहायक, कृषि विस्तार अधिकारी रेखा सिंह, उर्मिला सेन्डे, महिलाएं नमिता मात्रे, ज्योति मात्रे, जानन बाई चौहान, दिनेश्वरी बघेले सीताबाई बघेले, संगीता पगरवार, सावंत भाई पगरवार की उपस्थिति थे।




## 51 हिंदी साहित्यकारों, शिक्षकों एवं कलमकारों को हिंदी भाषा एवं साहित्य सेवा सम्मान 2025 से किया गया सम्मानित

**वारासिवनी।** राष्ट्रीय हिंदी दिवस 14 सितंबर 2025 के शुभ अवसर पर स्थानीय टिहली बाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में संस्कार भारती परिवार एवं हिंदी साहित्य भारती महाकौशल प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी साहित्य भारती महाकौशल प्रांत के प्रांत अध्यक्ष प्रणय श्रीवास्तव अश्क की अध्यक्षता में संस्कार भारती परिवार के हीरा सिंह चंदेल, संजय रूसिया, मनोहर सिंह ठाकुर एवं वरिष्ठ नागरिक मंच के शिवदयाल पटले की प्रमुख उपस्थिति में लगभग 51 हिंदी के कलमकारों, साहित्यकारों, हिंदी भाषा के शिक्षकों, विद्वानों को तरंग माध्यम आनलाइन एवं प्रत्यक्ष रूप से सम्मानित करते हुए सभी को हिंदी भाषा एवं हिंदी साहित्य सेवा सम्मान 2025 से अलंकृत करते हुए हिंदी के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार प्रसार में उनकी सक्रिय भूमिका की सराहना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर हिंदी साहित्य भारती के ध्येय गीत हम हिंदी साहित्य भारती के एवं संस्कार भारती के ध्येय गीत का संकलित गान सुनकर दोहरा कर किया। उसके बाद सभी कवियों एवं कवयित्रियों के साथ-साथ भारत स्काउट गाइड की जुंगा भलावी, नीता बोपचे द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ किया गया। संस्कार भारती परिवार के गणेश चुरहे ने हिंदी दिवस पर केंद्रित स्वरचित रचना का पाठ किया। इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड के विद्यार्थियों के लिए प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम केशव इंग्लिश स्कूल के विदित पांडेय, द्वितीय पी एम श्री विद्यालय जराहमोहगांव के आयुष डहरवाल, तृतीय कमला नेहरू कन्या विद्यालय वारासिवनी की शिवानी बिसेन के अलावा सांत्वना पुरस्कार आरुषि चौधरी, देवेंद्र ठाकरे, हर्षल चचाने एवं माही नगपुरे ने प्राप्त किया।

### विजय व तन्मय ने जीता गोल्ड, अदिती ने किया रजत पर कब्जा

## 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय कराते एवं कुराश क्रीडा प्रतियोगिता 2025 में बालाघाट जिले के खिलाड़ियों ने किया अद्भूत प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय कराते एवं कुराश क्रीडा प्रतियोगिता 2025 का आयोजन इंदौर में किया गया था। इस प्रतियोगिता में बालाघाट जिले के 04 खिलाड़ियों ने कुमीते विधा में भाग लिया एवं कुराश में 13 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इन सभी खिलाड़ियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन कर गोल्ड, सिल्वर एवं कांस्य पदक जीत कर बालाघाट जिले के साथ ही संभाग को गौरान्वित किया है।जिला खेल प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन ने बताया कि राज्य स्तरीय शालेय कराते एवं कुराश क्रीडा प्रतियोगिता में संभाग जबलपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तर में विजय बोरीकर ने स्वर्ण पदक एवं रूचि कोल्ते ने कास्य पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार कुराश में तन्मय डोंगरे में स्वर्ण पदक हासिल किया एवं राष्ट्रीय शालेय कराते एवं कुराश प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश टीम में अपनी जगह बना ली है। इस अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त किऐ खिलाड़ियों को डीएस धुर्वे जिला कीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ीयों को बधाई दी गई। इसके अलावा तन्मय डोंगरे ने स्वर्ण पदक, तन्मय देशमुख कांस्य पदक, कनिष्क ऐडपाचे कास्य पदक, मयूर टेकाम कांस्य, अदिति बिसेन रजत पदक, वैशाली पटले कस्य पदक, आदित्य सैय्याम कास्य पदक हासिल कर जिले को गौरान्वित किया है।इस अवसर पर जिला खेल और युवक कल्याण अधिकारी अभिषेक चौधरी, जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष नरेश धुवारे, आकाशवाणी से धीरज, अजय ठाकुर, जिला योग आयोग अध्यक्ष तपेश असाटी, कार्यालय प्रभारी योगेंद्र पटले, जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपक गिरी गोस्वामी, कुराश प्रशिक्षक गणेश बोढे वारासिवनी, मध्य प्रदेश एकेडमी कोच हर्षित विश्वकर्मा, कार्यालय प्रभारी योगेन्द्र पटले ने भी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।



### बीएमओ ने लिखित शिकायत मिलने पर जांच का दिया आश्वासन

## सिविल अस्पताल लांजी में सीजर ऑपरेशन के नाम पर फिर पैसे लेन देन का आरोप

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जिले में स्वास्थ्य विभाग में स्थानांतरण को लेकर लेन देन का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है और उक्त मामले से जहां स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है उसी बीच सिविल अस्पताल में अच्छा उपचार और चिकित्सकों के नवाचार का जहां नगर सहित क्षेत्र के लोगों को लगातार फायदा मिल रहा है तो दूसरी ओर सिविल अस्पताल में प्रसूता महिलाओं के सीजर आपरेशन में रूपयों के लेन देन के आरोप ने फिर एक बार अस्पताल और चिकित्सकों की धूमिल करने का प्रयास किया है। ताजा मामला बीते माह की आखिर सप्ताह में हुए सीजर ऑपरेशन कैंप का है जहां एक आशा कार्यकर्ता द्वारा वार्ड नं. 2 आवास कॉलोनी निवासी प्रसूता महिला से ऑपरेशन के पूर्व चिकित्सक के नाम पर 4000 रूपये लेने का आरोप लगा है। वहीं जब इस संबंध में शिकायत की जानकारी रूपये लेने वाली आशा कार्यकर्ता को लगी तो कार्यवाही के भय से उसके द्वारा पीड़िता की सास को 18 सितंबर की रात 11.30 बजे घर जाकर पैसे लौटाने की जानकारी सामने आई है। जब इस संबंध में सिविल अस्पताल के बीएमओ अक्षय उपराड़े से चर्चा की गई तो उन्होने कहा की इस संबंध में शिकायतकर्ता लिखित शिकायत दें तो हमारे द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी। ऐसे में जब सिविल अस्पताल की सेवाओं के प्रति नगर सहित क्षेत्र के लोगों का रूझान बढ़ रहा है और बड़ी संख्या में लोग विश्वास के साथ यहां इलाज के लिये पहुंच रहे हैं, ऐसी घटना से लोगों को धक्का पहुंचा है।



उल्लेखनीय है की कुछ समय पूर्व सिविल अस्पताल लांजी में प्रसूता महिलाओं के परिजनों से सीजर ऑपरेशन के नाम पर धड़ल्ले से बेखौफ होकर वसूली की जाती थी जिसमें यहां पूर्व में पदस्थ चिकित्सकों का केस लाने वाली आशा कार्यकर्ताओं का पूर्ण संरक्षण था परंतु शासन प्रशासन द्वारा सिविल अस्तपाल में जब से नये चिकित्सकों की पदस्थापना की गई तो अस्पताल की व्यवस्थाओं और रूपयों की लेन देन के कारनामों में शून्यता आ चुकी थी परंतु समय बीतने के साथ-साथ सिविल अस्पताल में खासकर सीजर ऑपरेशन के समय यह खेल पुनः शुरू हो गया है जिससे अस्पताल और चिकित्सकों दोनो ही छवि खराब हो रही है।

**टांका खोलने के नाम पर लिए 200 रुपए:** प्रसूता के पति ने जानकारी देते हुए बताया कि आपरेशन के कुछ दिन बाद जब वो अपनी पत्नी को लेकर टांका खुलवाने सिविल अस्पलात लेकर आया तब भी आशा कार्यकर्ता द्वारा टांका खोलने के लिए 200 रुपए मांगे गए थे, जिसके बाद प्रसूता के पति द्वारा अपना मोबाइल गिरवी रखकर 200 रुपए दिए गए उसके बाद महिला के टांके खोले गए।

दूसरी ओर ऑपरेशन के बाद जब चिकित्सक द्वारा दवाईयां लिखी जाती है तो आशा कार्यकर्ताओं द्वारा जानबूझकर अस्पताल से दवाएं न लेकर एक ही मेडिकल से दवाएं लेने का दबाव बनाया जाता है। और वहां से भी मोटा कमीशन प्राप्त किया जा रहा है इससे पूर्व भी उक्त मेडिकल से ही आशाओं द्वारा दवाएं लेने के आरोप लगते रहे है परंतु कार्यवाही नहीं होने के चलते यह सिलसिला फिर जोर पकडऩे लगा है। दुकानदार द्वारा भी प्रत्येक आशा कार्यकर्ताओं को उनकी खरीदारी के हिसाब से मोटा कमीशन दिया जाता है जिससे सभी आशा कार्यकर्ताएं अन्य दुकानों को छोड़कर इसी मेडिकल पर दवाएं लेने के लिये 'मेहरबानÓ है। जिस पर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों और अधिकारियों को ध्यान देने की नितांत आवश्यकता है।

### इनका कहना है.

इस संबंध में जो भी शिकायतकर्ता है वह मुझे लिखित में शिकायत दें तो हमारे द्वारा दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**अक्षय उपराड़े, बीएमओ लांजी**